E-mail.

म प्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड
किसान भवन, 26, अरेरा हिल्स, भोपाल

क्र/बोर्ड/नियमन/आर्गेनिक इंडिया/616/3675 भोपाल, दिनांक 07/08/2023

प्रति,

आर्गेनिक इंडिया प्रा. लि. (नई दिल्ली)
यूनिट नं0 720-722, सातवां माला, टॉवर-बी डीएलएफ टावर्स प्लाट नं. 11
एनएच कामर्शियल कांपलेक्स, जसोला,
नई दिल्ली

विषय - स्वीकृत विशेष अनुज्ञप्ति (अनंतिम) की अवधि को आगामी 4 वर्षो तक के लिए वृद्धि करने बाबत।

संदर्भ - आपका आवेदन दिनांक 18-07-2023।

आर्गेनिक इंडिया प्रा. लि. (नई दिल्ली) यूनिट नं0 720-722, सातवां माला, टॉवर-बी डीएलएफ टावर्स प्लाट नं. 11, एनएच कामर्शियल कांपलेक्स, जसोला, नई दिल्ली को मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 की धारा 32-क के अधीन मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी (एक से अधिक मंडी क्षेत्रों के लिए विशेष अनुज्ञप्ति) नियम, 2009 के लिए विशेष अनुज्ञप्ति (अनंतिम) क्रमांक/एस.एल./2022/07 दिनांक 29/07/2022 स्वीकृत की गई थी।

2. संदर्भित आवेदन से उक्त विशेष अनुज्ञप्ति (अनंतिम) की अवधि को आगामी 4 वर्षो तक के लिए वृद्धि करने का अनुरोध किया गया है।

3. संदर्भित आवेदन के क्रम में आंचलिक कार्यालय उज्जैन तथा संबंधित कृषि उपज मंडी समितियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर विचारोपरांत, अधिसूचित प्राधिकारी प्रबंध संचालक महोदय द्वारा आर्गेनिक इंडिया प्रा. लि. (नई दिल्ली) को स्वीकृत विशेष अनुज्ञप्ति क्रमांक/एस.एल./2022/07 दिनांक 29/07/2022 की अवधि को आगामी 4 वर्षों तथा अर्थात अर्थात दिनांक 28/07/2027 तक वृद्धि करने का विनिश्चय किया गया है।

4. इस प्रकार आर्गेनिक इंडिया प्रा. लि. (नई दिल्ली) को स्वीकृत विशेष अनुज्ञप्ति क्रमांक/एस.एल./2022/07 दिनांक 29/07/2022 की वैधता अवधि दिनांक 28.07.2027 तक वृधि की जाने की सूचना प्रसारित की जा रही है। विशेष अनुज्ञप्ति की शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

(प्रबंध संचालक के अनुमोदन एवं आदेश अनुसार जारी)

सहायक संचालक (नियमन)
म प्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र/बोर्ड/नियमन/आर्गेनिक इंडिया/616/3676 भोपाल, दिनांक 07/08/2023

प्रतिलिपि:- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1- संयुक्त संचालक, म प्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय - ______(समस्त)।

2- सहायक संचालक (आई.टी. शाखा) म प्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय - भोपाल। कृपया ई-अनुज्ञा पोर्टल पर आवश्यक प्रविष्टि हेतु प्रेषित।

2- सचिव, कृषि उपज मंडी समिति - ______(समस्त)।

सहायक संचालक (नियमन)
म प्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल